दिनांकः 16.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जयपुर के एक दिन के दौरे पर–रामानंद मिशन की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ–आतंकवाद के खात्मे तक भारत के शांति प्रयास जारी रहेंगे।
- राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में स्टार्टअप ईको–सिस्टम के सदस्यों से संवाद करेंगे।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव के आसार–कुछ स्थानों पर मावठ की संभावना।

.........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिन के दौरे पर जयपुर आएंगी। वे दोपहर में लोकभवन जाएंगी। राष्ट्रपति रामानंद मिशन की ओर से आयोजित हरमाड़ा में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नींदड़ में जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य के सानिध्य में हो रहे महायज्ञ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा कई प्रमुख साधु संत भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

.........................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए कई सुधार लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक विशाल संगठन में ऐसे बदलाव चुनौतीपूर्ण हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की सबसे मजबूत सशस्त्र सेनाओं में से एक बनाने के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री सिंह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और आतंकवाद की मानसिकता पूरी तरह से समाप्त होने तक भारत के शांति स्थापना के प्रयास जारी रहेंगे।

.........................

रक्षामंत्री ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे सशस्त्र बलों से निस्वार्थ सेवा की भावना सीखें। शौर्य संध्या में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग

लिया। इसमें सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से सेना के अनुशासन, शौर्य और समृद्ध परंपराओं का प्रदर्शन किया गया।

.........................

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बिजली उत्पादक और उपभोक्ता देश बन गया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कल नई दिल्ली में ये जानकारी दी। **भारत विद्युत सम्मेलन–2026** के पूर्वालोकन में उन्होंने कहा कि देश की विद्युत स्थापन उत्पादन क्षमता अब बढ़कर 510 गीगावॉट हो गई है। ये साल 2014 में 249 गीगावाट थी। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हुई प्रगति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की गैर–जीवाश्म ईंधन क्षमता भी 52 प्रतिशत हो गई है, जो 2014 में 32 प्रतिशत थी।

.........................

भारत विद्युत सम्मेलन–2026 नई दिल्ली में 19 से 22 मार्च तक आयोजित होगा।

.........................

चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा 19 जनवरी तक बढ़ा दी है। आयोग ने राजस्थान सहित गोवा, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी और पश्चिम बंगाल में ये सीमा बढ़ाई है। एक पत्र में आयोग ने कहा है कि इन राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के आग्रह और अन्य कारणों पर विचार करने के बाद संशोधित समय सीमा तय की गई है। आयोग ने सीईओ को दावे और आपत्तियां दर्ज करने की नई समय सीमा के बारे में व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिये हैं।

.........................

आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत की थी। पिछले एक दशक में, स्टार्टअप इंडिया देश की आर्थिक और नवाचार संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान श्री मोदी देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे और स्टार्टअप प्रतिनिधि उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अपने अनुभव भी साझा करेंगे।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर में नवाचार कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। पीएम ऊषा कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षा विभाग की ओर से ये आयोजन रखा गया है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में इनोवेशन और

इन्क्यूबेशन सेंटर से जुड़े स्टार्टअप हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही स्टार्टअप के नवाचारों और सफलता की कहानियों को भी पेश किया जाएगा।

.........................

राज्य के सूरतगढ़ स्थित **पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय** ने राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल नई दिल्ली में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इस मौके पर श्री मेघवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। नवोदय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामावतार बुरड़क ने बताया कि इस उपलब्धि से संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।

.........................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन राज्य के उत्तरी और पश्चिमी भागों में बादल छाये रहने और कुछ स्थानों पर मावठ की भी संभावना है। इस बीच, प्रदेश में कई जगह तेज सर्दी का प्रकोप है। बीते 24 घंटों में 16 शहरों में रात का पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। इनमें 6 शहरों में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। अलवर, सीकर, करौली, नागौर और दौसा में खुले स्थानों पर पेड़ पौधों और वाहनों पर बर्फ की हल्की परत नजर आई। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में घने कोहरे का असर बना हुआ है। हनुमानगढ़ में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिला कलेक्टर ने पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आज और कल छुटटी घोषित की है।

.........................

अजमेर में आज से ग्रीन ग्रोथ स्किल प्रतियोगिता शुरू हो रही है। राजकीय सावित्री स्कूल में तीन दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी करेंगे। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हरित वातावरण के निर्माण के बारे में विद्यार्थी अपने विचार साझा करेंगे।

.........................